विश्वासघात

टीन शेड बना छलावा, बारिश में भीगी लाखों की उपज, जिम्मेदार कौन?

मंडी में किसानों के साथ हुआ बड़ा विश्वासघात

नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा। बुधवार दोपहर हुई तेज बारिश ने जवाहर कृषि उपज मंडी की बदहाल व्यवस्थाओं की ऐसी पोल खोली कि अन्नदाता की महीनों की मेहनत कुछ ही मिनटों में पानी-पानी हो गई। किसानों की सुरक्षा और सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करने वाला मंडी प्रशासन बारिश की पहली मार भी नहीं झेल पाया। टीन शेड के नीचे रखी उपज भी सुरक्षित नहीं रह सकी और देखते ही देखते अनाज पानी में भीगकर खराब होने लगा।

मंडी परिसर में हालात इतने खराब थे कि टीन शेड की छत से कई जगह झरने की तरह पानी गिरता रहा। किसान अपनी उपज बचाने के लिए इधर-उधर भागते रहे, लेकिन न पर्याप्त त्रिपाल मिले और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर व्यवस्था संभालता नजर आया। चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल रहा और किसानों की बेबसी साफ दिखाई दी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मंडी किसानों से हर सीजन शुल्क और टैक्स वसूलती है, तो फिर उनकी उपज की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? यदि टीन शेड ही बारिश से बचाने में नाकाम है, तो करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सुविधाएं आखिर कागजों तक ही क्यों सीमित हैं? बारिश से भीगा अनाज अब व्यापारियों द्वारा कम कीमत पर खरीदा जाएगा या पूरी तरह अस्वीकार किया जाएगा। इसका सीधा नुकसान उन किसानों को होगा जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार की थी। यह केवल फसल का नुकसान नहीं, बल्कि अन्नदाता की मेहनत और उसके विश्वास पर भी करारा प्रहार है। अब किसानों के बीच आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई और नुकसान की भरपाई नहीं की गई, तो यह स्पष्ट संदेश होगा कि इस व्यवस्था में किसान की मेहनत और उसकी पीड़ा की कोई कीमत नहीं है। सवाल वही है—क्या इस बार भी जिम्मेदार बच निकलेंगे, या फिर किसानों के नुकसान की भरपाई और दोषियों पर कार्यवाही होगी।

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 7 अगस्त को आयोजित होगी

नवभारत,नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल के माध्यम से वर्ष 2026 में शासकीय एव अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तरीय 7 अगस्त 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में प्रतियोगिता में जिले के सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा तीन सदस्यीय एक टीम के रूप में प्रतियोगिता में सहभागिता की जाएगी। प्रतियोगिता में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिभागी टीम/ विद्यालयों का पंजीयन एक जुलाई से प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026 नियत की गई है। प्रतिभागी टीम/ विद्यालय अपना पंजीयन https: // www. tourism .mp. ov.in में जाकर कर सकते हैं। यह जानकारी सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने दी है।

नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,साईखेड़ा। शासकीय महाविद्यालय साईखेड़ा, जिला नरसिंहपुर में गुरुवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के उद्देश्य से इंडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं, सुविधाओं तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था। कायक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. कौशल कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के लिए अनेक व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने एंटी-रैगिंग अभिमुखीकरण, काउंसलिंग एवं सहायता तंत्र, शिकायत निवारण प्रणाली, समावेशी एवं भेदभाव-मुक्त वातावरण, सुरक्षित परिसर, विद्यार्थी-शिक्षक संवाद व्यवस्था, तनाव प्रबंधन एवं जीवन कौशल, अध्ययन संबंधी मार्गदर्शन, डिजिटल एवं सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग, स्वास्थ्य एवं कल्याण गतिविधियां, शैक्षणिक सहयोग प्रणाली, अभिभावक सहभागिता एवं आपातकालीन सहायता हेल्पलाइन जैसी सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी।

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार का हुआ शुभारंभ

नवभारत,नरसिंहपुर। विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-GRAM-G) एक जुलाई 2026 से प्रभावशील हो गयी है। योजना के शुभारंभ के अवसर पर जिला स्तरीय जन सम्मेलन-सह-लांच कायक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीणजनों की मौजूदगी में जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत देवरीकला में गुरूवार को किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, कलेक्टर रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, सरपंच शिखा सपलेन्द्र जाट, जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूह की महिलाएं और ग्रामीणजन मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रव्यापी शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

एक साथ शिक्षकों के हुए स्थानांतरण

नवभारत,डोभी। एक तरफ जहां शासन द्वारा एक ही छत के नीचे बिठाकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण कराने की दिशा में सर्वसुविधायुक्त सांदीपनि स्कूल खोल रही है। पर्याप्त फंड उपलब्ध कराकर छात्रों को हर विषय की शिक्षा मुहैया कराई जा रही है। लेकिन चांवरपाठा विकास खंड का एक मात्र डोभी सांदीपनि स्कूल में हाल ही में हुए थोक बंद तबादलों के कारण नवीन सत्र से शिक्षा व्यवस्था में ग्रहण लग गया है।

यहां पर विषय बार शिक्षकों का टोटा तो हो ही गया है साथ साथ नये शिक्षण सत्र से पढ़ाई भी प्रभावित होने लगी है।इस व्यवस्था से जहां छात्रों को अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है वहीं पालकों में भी चिंता की लकीरें देखने को मिल रही है। यहां पर पिछले सत्र में 16 नियमित शिक्षक कार्यरत थे तथा 11 अतिथि शिक्षकों के साथ 27 शिक्षकों का पर्याप्त स्टाफ था। परंतु अब पांच नियमित शिक्षकों के ट्रांसफर हो जाने के कारण विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था लड़खड़ा जाएगी। इस सत्र से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को देखते हुए आस पास क्षेत्रों से पालकों ने बड़ी संख्या में अपने पाल्यों को दाखिला दिलाया है। लेकिन अब ऐसी परिस्थितियों में अभिभावक अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। वर्तमान समय में अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था के लिए भी अभी कोई ठोस वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की पूर्ण आशंका बनीं हुई है। विद्यालय में वर्तमान समय में सिर्फ 11 शिक्षक ही कार्यरत रह गए हैं। जिसमें 2 उच्च माध्यमिक शिक्षक 1 सहायक शिक्षक दो प्राथमिक शिक्षक और चार 4 शिक्षक प्रयोगशाला सहायक रह गए हैं। यदि समय रहते स्थाई रूप से शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होती है तो निश्चित तौर पर विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। अभिभावकों ने मांग की है कि समय रहते शासन शिक्षकों की स्थाई व्यवस्था सुनिश्चित करें या समय पर विषय बार अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की जाये।

ऐतिहासिक उपलब्धि,एक साथ 12 उद्यानिकी फसलों को मिला जीआई टैग

नवभारत,नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश ने उद्यानिकी क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज करते हुए देश में पहली बार एक साथ 12 उद्यानिकी उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ नरसिंहपुर जिले के पारंपरिक उत्पाद- करेली का गुड़ एवं बरमान घाट का बैंगन को भी राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान मिल गई है। चेन्नई स्थित भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के अनुसार इन दोनों उत्पादों का विधिवत जीआई पंजीकरण किया गया है। इससे न केवल इनकी विशिष्ट गुणवत्ता, पारंपरिक उत्पादन पद्धति और क्षेत्रीय विशिष्टता को कानूनी संरक्षण मिलेगा, बल्कि इन उत्पादों की ब्रांड वैल्यू में वृद्धि होगी और किसानों को बेहतर बाजार, अधिक मांग तथा उचित मूल्य प्राप्त होने के नए अवसर खुलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि को प्रदेश के कृषकों के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय वृद्धि के लिए उद्यानिकी फसलों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों की खेती हो रही है, जिसे वर्ष 2030 तक 30 लाख हेक्टेयर तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जीआई टैग प्राप्त करने वाले अन्य प्रमुख उत्पादों में कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान दिलाने की दिशा में मील का पत्थर है।

अबोड द स्कूल ऑफ ड्रीम्स में विशेष आयोजन

नवभारत,करेली। संत कबीर जयंती के अवसर पर नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था अबोड द स्कूल ऑफ ड्रीम्स में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रार्थना सभा महान संत, कवि एवं समाज सुधारक संत कबीर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समर्पित रही। प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं ने संत कबीर के सामाजिक सुधार में दिए गए अमूल्य योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि संत कबीर ने प्रेम, समानता, सत्य और मानवता का संदेश दिया तथा जाति-पाँति, छुआछूत और धार्मिक भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में कबीरदास

दोहा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विशेष गतिविधियों के तहत संत कबीर के प्रसिद्ध दोहों का कंठस्थ एवं सस्वर गायन किया। साथ ही उन्होंने दोहों का सरल अर्थ बताते हुए उनसे मिलने वाली जीवनोपयोगी शिक्षाओं का भी प्रभावशाली वर्णन किया। विद्यालय के डायरेक्टर श्री अनुभव जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संत कबीर जयंती मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत कबीर की शिक्षाएँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी उनके समय में थीं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे संत कबीर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँ तथा समाज में प्रेम, सद्भाव, समानता और मानवता का संदेश फैलाएँ। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में छुआछूत, जाति-पाँति तथा धर्म के नाम पर अनेक प्रकार की कुरीतियाँ विद्यमान हैं। इन बुराइयों को दूर करने में शिक्षित युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्हें आगे आकर समाज को सकारात्मक दिशा देने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर दोहा गायन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

एक नजर में

शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, ग्राम पिठहरा में सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में होंगे शामिल

नवभारत,नरसिंहपुर। प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह शुक्रवार 3 जुलाई को ग्राम पिठहरा में सामुदायिक भवन लोकार्पण सहित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री उदय प्रताप सिंह शुक्रवार 3 जुलाई को प्रात: 11 बजे सेवा सदन लक्ष्मी टाउनशिप गाडरवारा आएंगे और क्षेत्रीय गणमान्य जनों से सौंजन्य भेंट करेंगे। इसके पश्चात अपरान्ह 3 बजे एमपीईबी कॉलोनी गाडरवारा में सतेन्द्र शुक्ला के निवास आएंगे। मंत्री सिंह अपरान्ह 3:30 बजे ग्राम पिठहेरा में सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। तदुपरांत सायं 4:30 बजे ग्राम खुर्सीपार में गोविंद प्रसाद ढिमोले, सायं 5:15 बजे ग्राम देवरी (मि ?वानी) में रामबाबू गुर्जर, सायं 6 बजे साईखेड़ा में जगदीश मिर्धा व श्री सौरभ कहार और सायं 7 बजे ग्राम झिकोली में गिरीश पटेल के निवास आएंगे। इसके पश्चात मंत्री श्री सिंह रात्रि 8:20 बजे ग्राम लोलरी आएंगे।

जिले के 312 हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित हुई 7 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि

नवभारत,नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण बुधवार को किया। उन्होंने नरसिंहपुर जिले के कुल 312 हितग्राहियों को 7 करोड़ 4 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री का संजीव प्रसारण स्थानीय एनआईसी कक्ष नरसिंहपुर में किया गया, जिसे मौजूद अधिकारियों व हितग्राहियों ने देखा व सुना। इसके साथ ही जनपद पंचायत और नगरीय निकायों में भी मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।

जयसिंहनगर में 'विकसित भारत जी-रामजी योजना' का जिला स्तरीय शुभारंभ

नवभारत,शहडोल। भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई से प्रारंभ की गई 'विकसित भारत जी-रामजी योजना' का जिला स्तरीय औपचारिक शुभारंभ जनपद पंचायत जयसिंहनगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह एवं ब्यौहारी विधायक श्री शरद कोल ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि यह योजना श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने तथा अधोसंरचना निर्माण को गति देने के उद्देश्य से नए स्वरूप में शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र श्रमिकों तक इसका लाभ पहुंचाने में पंचायत विभाग के मैदानी अमले की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए गांवों का विकास तथा श्रमिकों का आत्मनिर्भर और सशक्त होना आवश्यक है। विधायक शरद कोल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना समय की आवश्यकता के अनुरूप तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत श्रमिकों को अब 300 रुपये प्रतिदिन की न्यूनतम मजदूरी तथा 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में किसानों, युवाओं, महिलाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि बदलते समय में रोटी, कपड़ा और मकान के साथ रोजगार भी जीवन की मूलभूत आवश्यकता बन गया है।

अरविन्द जैन बने जिला सचिव

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विगत दिवस म. प्र. कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटेल पूर्व विधायक संजय शर्मा दीवान शैलेंद्र सिंह देवेंद्र पटेल गुड्डू भैया की अनुशंसा सहमति से डोभी के प्रतिष्ठित निष्ठावान कार्यकर्ता अरविंद जैन को जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर संगठन के कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।अपनी नियुक्ति के उपरांत अरविंद जैन ने संगठन के शीर्ष

नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस को और मजबूती प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

खुरसीपार में शिक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

नवभारत,साईखेड़ा। गत दिवस समीपी ग्राम खुरसीपार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ सहायक शिक्षक शेख जाफर खान की शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने जाफर को शाल,श्रीफल एवं उपहार देकर विदाई दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अंजू शुक्ला ने कहा कि खान की सेवानिवृति से उनकी कमी विद्यालय को खलेगी। ग्राम

सरपंच मनोज दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने में जाफर का योगदान सराहनीय रहा। अपने उदबोधन में शिक्षक शेख जाफर ने उन्हें मिले सहयोग के लिए सभी सहयोगियों का आभार जताया। कार्यक्रम को अन्य शिक्षकों ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक अवशेष उपाध्याय एवं अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य पुरुषोत्तम पॉल ने किया।

झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

नवभारत,तेंदूखेड़ा। मानसून की तरफ टकटकी लगाए बैठे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से जहां खरीफ मौसम की विभिन्न जिंसों को बुबाई करके बैठे कृषकों ने भी राहत की सांस ली है और प्यासी जमीन को भी पानी मिल गया है।उमस भरी गर्मी के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ था उससे भी काफी हद तक राहत मिल गई है। चूंकि इस वारिस से अभी नदी नाले उफान पर तो नहीं आये है। फिर भी रिमझिम बारिश जमीन के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है।

सेवानिवृत्ति पर अशोक कौरव को दी भावभीनी विदाई

नवभारत,गाडरवारा। चीचली विकासखंड के ग्राम कुड़ारी स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत सहायक शिक्षक अशोक कौरव के अर्धवार्षिकीय सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षकों, ग्रामवासियों एवं परिजनों ने कौरव का शाल, श्रीफल, विदाई अभिनंदन-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल न कौरव के लंबे एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके कार्यों को प्रेरणादायी बताया। जिला पंचायत सदस्य सुश्री मोना कौरव ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है और उसका

योगदान सदैव सम्मान के योग्य रहता है। वहीं बीआरसी डी.के. पटैल ने कहा कि कौरव ने विद्यालय में लंबे समय तक निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं देकर विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक कौरव ने विद्यालय परिवार, सहयोगी शिक्षकों एवं ग्रामवासियों के स्नेह और सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भीकम सिंह कौरव ने किया। समारोह में विभिन्न संकुलों से आए शिक्षक, कौरव के परिजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

भारतीय स्टेट बैंक का 71वां स्थापना दिवस

नवभारत,गाडरवारा। भारतीय स्टेट बैंक के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को एसबीआई कृषि विकास शाखा, गाडरवारा में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्स का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया तथा बैंक की नई सेवाओं और साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर स्थापना दिवस मनाने के साथ हुई। शाखा परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

इस दौरान बैंक की उपलब्धियों और 71 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला गया। शाखा के मुख्य प्रबंधक आशीष रावत ने वरिष्ठ ग्राहकों का सम्मान करते हुए कहा कि बैंक की सफलता और निरंतर प्रगति में ग्राहकों का विश्वास

और सहयोग सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि एसबीआई हमेशा ग्राहक सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा। सम्मान समारोह के दौरान कई वरिष्ठ नागरिक भावुक नजर आए। एक पेंशनर ने कहा कि वह पिछले 40 वर्षों से एसबीआई से जुड़े हैं और आज मिला सम्मान उन्हें परिवार जैसा अपनापन महसूस कराता है। कार्यक्रम में उप प्रबंधक वेनू राठी, नेहा, फील्ड ऑफिसर नितेश पेसवानी, अंकित कुमार सहित शाखा के समस्त कर्मचारियों ने उपस्थित ग्राहकों का स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को बैंक की डिजिटल सेवाओं, पेंशन संबंधी सुविधाओं तथा साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

जनसेवा ही राजनीति का उद्देश्य : जालम सिंह पटेल

नवभारत,नरसिंहपुर। आमजनों की सेवा ही ईश्वर सेवा है और हमारे लिए राजनीति का अर्थ केवल जनसेवा है। इसी भावना के साथ पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल अपने नरसिंहपुर स्थित निवास पर जनसुनवाई आयोजित की। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

इस दौरान कुल 215 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के लिए भेजा गया। जनसुनवाई में राजस्व, बिजली, पेयजल, सड़क, पेंशन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। जालम सिंह पटेल ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि जालम सिंह पटेल का आमजन से सीधा संवाद और सहज व्यवहार ही उनकी लोकप्रियता का प्रमुख कारण है। लोग बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखते हैं और वे भी पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान का प्रयास करते हैं। हर गुरुवार को आयोजित होने वाली यह जनसुनवाई अब क्षेत्रवासियों के लिए भरोसे का मंच बन चुकी है। जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से भी लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर यहां पहुंचते हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति आई है तथा आमजन को अपनी बात रखने का प्रभावी माध्यम मिला है।

जिल के विकासखंडों में सीआरपी उद्यम सखियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत,नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्व-सहायता समूहों के उद्यमियों के उद्यम पंजीयन को बढ़ावा देने के लिए जिले में 20 सितम्बर 2026 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 30 जून एवं 01 जुलाई 2026 को जिले के विभिन्न विकासखण्डों की सीआरपी-ईपी/उद्यम सखियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर के अधिकारियों द्वारा उद्यम पंजीयन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उद्यम पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, निर्माण एवं सेवा क्षेत्र के उद्यमों के पंजीयन की विधि, आधार से लिंक मोबाइल नंबर की अनिवार्यता, ई-पैन कार्ड, एनआईसी कोड का चयन, व्यवसाय संबंधी आवश्यक विवरण, बैंकिंग जानकारी एवं एफएसएसएआई पंजीयन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पंजीकृत उद्यमों की प्रविष्टि जीएएम पोर्टल पर तथा 5 लाख रुपये से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले उद्यमों की प्रविष्टि डीएआर पोर्टल पर की जाएगी।

न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा रा.मा.क्र. /अ-6/वर्ष 2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार रजिस्टर्ड बिक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 27/07/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

– अनुसूची –

नजूल शीट क्र.	नगरीय क्षेत्र का नाम	प्लाट क्र.	रकबा	विद्यमान अभिलेख में धारक/ धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता	उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/ माता का नाम पूर्णनाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है
05	करेलीगंज	66	1388 वर्गफुट	अबुल हसन जाहिद, अबुल खैर आविद पिस.अब्दुल वहीद निवासी रामवार्ड, करेलीगंज	अबुल हसन जाहिद आ. अबुल वहीद निवासी रामवार्ड, करेलीगंज

इश्तहार आज दिनांक 23/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर